बिहार सरकार

विज्ञान एवं प्रावैधिकी विभाग

पत्रांकः—बी0सी0एस0टी0—पी0एस0सी0—04/2022—645 पटना, दिनांकः—17.11.2022

Last date: 03-10-2022
BCST पर उपलब्ध

प्रेषक,

वैभव चौधरी, (आई०ए०एस०)
निदेशक,
विज्ञान एवं प्रावैधिकी विभाग,
पटना, बिहार।

सेवा में,

1. **सभी जिलाधिकारी, बिहार।**
2. **सभी जिला शिक्षा पदाधिकारी, बिहार।**

विषय— राष्ट्रीय गणित दिवस—2022 के अवसर पर मेधावी छात्र/छात्राओं को पुरस्कृत किये जाने हेतु श्रीनिवास रामानुजन टैलेंट सर्च टेस्ट इन मैथमेटिक्स —2022 के प्रतियोगिता परीक्षा के आयोजन के संबंध में।

महोदय/महोदया,

उपर्युक्त विषय के संबंध में अवगत कराना है कि राज्य के छात्रों में गणित विषय में अभिरूचि उत्पन्न करने तथा प्रतिभा के आधार पर उन्हें प्रोत्साहित किये जाने के उद्देश्य से बिहार काउन्सिल ऑन साईन्स एण्ड टेक्नोलोजी एवं बिहार मैथमेटिकल सोसायटी के संयुक्त तत्वाधान में दिनांक—22.12.2022 को राष्ट्रीय गणित दिवस का आयोजन जिला एवं राज्य स्तर पर किये जाने का निर्णय लिया गया है।

इस कार्यक्रम के अन्तर्गत राज्य के मेधावी छात्र—छात्राओं को पुरस्कृत किये जाने के प्रयोजनार्थ 6ठे, 7वें, 8वें, 9वें, 10वें, 11वें तथा 12वें स्तर (कुल सात स्तर पर) पर श्रीनिवास रामानुजन टैलेंट सर्च टेस्ट इन मैथमेटिक्स —2022 की प्रतियोगिता परीक्षा का आयोजन दिनांक—10.12.2022 एवं 11.12.2022 को आयोजित किया जाना है। परीक्षा ऑनलाईन, बहुविकल्पीय प्रश्न के आधार पर, जिलावार राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालय एवं राजकीय पोलिटेकनिक संस्थानों में आयोजित किया जायेगा। ऑनलाईन आवेदन पत्र की प्रक्रिया दिनांक—15.11.2022 से आरंभ कर दी गई है एवं इसे समर्पित किये जाने की अंतिम तिथि दिनांक—03.12.2022 निर्धारित है।

परीक्षा से संबंधित पाठ्यक्रम एवं विगत वर्ष में पूछे गये प्रश्न तथा परीक्षा से संबंधित निर्देश बिहार कॉउन्सिल ऑन साईन्स एण्ड टेक्नोलॉजी के वेबसाईट (https://bcst.org.in/) तथा बिहार मैथेमेटिकल सोसाईटी (https://www.bmsbihar.org/index.aspx) पर उपलब्ध है।

अतः अनुरोध है कि उक्त परीक्षा में छात्र/छात्राओं की अधिकतम भागीदारी सुनिश्चित किये जाने हेतु संबंधित सूचना जिलान्तर्गत सभी शिक्षण संस्थानों को उपलब्ध कराते हुए अपेक्षित सहयोग प्रदान किये जाने के निमित आवश्यक निदेश देने की कृपा की जाए।

भवदीय,

ह0/—
निदेशक
विज्ञान एवं प्रावैधिकी विभाग,
पटना, बिहार।

565

प्रोग्रामर / डी०ई०ओ०
संस्थान की वेबसाइट पर एक प्रति अपलोड करें एवं छात्रों के व्हाट्सएप ग्रुप में प्रसारित करें।